कार्यालय प्राचार्य, संजय गॉधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (म0प्र0)

क्र.......1139...... / स्था0 / 2020 सीधी, दिनांक 31.8.20

स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर हेतु परीक्षार्थियों को निर्देश

1. प्रत्येक परीक्षार्थी को बेवसाइट **sgsgovtpgcollegesidhi.org** पर उनकी परीक्षा संबंधित सूचनाएं एवं विषयवार प्रश्न पत्र भेजे जायेगें।
2. विषय के यदि दो प्रश्न पत्र है, तब उस विषय का प्रश्न–पत्र एक ही रहेगा, जिससें 'A' खण्ड प्रथम प्रश्न–पत्र का रहेगा और 'B' खण्ड द्वितीय प्रश्न पत्र का रहेगा परीक्षार्थी को दोनां विषयों के प्रश्न पत्र अलग–अलग कॉपी में लिखने होगे यदि तीन ~~तीन~~ प्रश्न पत्र है तो तीन पृथक–पृथक उत्तर पुस्तिकायें लिखकर संग्रहण केन्द्र पर निर्धारित समय पर जमा करना होगा। इसी प्रकार स्नातकोत्तर कक्षाओ में चार प्रश्न पत्र खण्ड A, B, C, D होगें किन्तु उत्तर पुस्तिका चार अलग–अलग लिखनी होगी।
3. परीक्षार्थी A4 साइज की उत्तर पुस्तिका का उपयोग करेगा। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छात्र अपनी कक्षा, रोल नम्बर, विषय, प्रश्न–पत्र, नामांकन क्रमांक एवं समय सारणी के अनुसार दिनांक अनिवार्य रूप से अंकित करेगा। अन्यथा परीक्षा परिणाम बाधित होगा तो इसकी जबावदारी परीक्षार्थी की होगी। उत्तर पुस्तिका के साथ प्रवेश पत्र की छायाप्रति भी संलग्न करेगा।
4. परीक्षार्थियों को सभी विषयों के प्रश्न पत्र शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी की बेवसाइट **sgsgovtpgcollegesidhi.org** पर अपलोड किये जायेगे। परीक्षार्थी उन्हे ऑनलाइन डाउनलोड कर ओपेन बुक प्रणाली के माध्यम से प्रश्न पत्र हल करेगा।
5. परीक्षार्थियों को यदि पांच विषयों की परीक्षा में बैठना है, तो उसे पांच ही दिन समय सारणी के माध्यम से निर्धारित किया जायेगा।
6. उत्तर पुस्तिकायें संग्रहण केन्द्र (महाविद्यालय के सभी विभाग) पर निर्धारित समय में एक साथ जमा करना होगा।
7. विशेष परिस्थितियों में छात्र डाक द्वारा भी सीलबंद लिफाफे में विषयवार एवं प्रश्न पत्र बार उत्तर पुस्ताकाएं भेज सकते है। डाक द्वारा भेजी गयी उत्तर पुस्तिकाओं को समय सीमा में ही परीक्षार्थी को भेजना होगा।

8. प्रश्न पत्र निबंधात्मक प्रकार का रहेगा जिसमें पांच इकाई से पांच प्रश्न रहेंगे। एक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 300 शब्द रहेगी।

9. स्वशासी स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का संग्रहण केन्द्र विषयवार संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कराया जा सकेगा। ताकि सोशल डिस्टिंसिंग का पालन सुनिनिश्चत हो सके। उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिये छात्रों से रजिस्टर पर हस्ताक्षर रोल नम्बर एवं मोबाइल नम्बर लिखना आवश्यक है।

10. संजय गांधी स्मृति शासकीय (स्वशासी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में अध्ययनरत परीक्षार्थियों को SIS (छात्र सूचना प्रणाली) में पंजीकरण नहीं कराना है।

परीक्षा की समय सारणी एवं उत्तर पुस्तिकाओं की संग्रहण की जानकारी पृथक से जारी की जायेगी।

छात्र सहायता हेतु मोबाइल नम्बर

कला समूह :—	डॉ0 आर0पी0 सिंह	—	9425179464
	डॉ0 के0बी0 सिंह	—	9425177391
विज्ञान समूह :—	डॉ0 ए0के0 तिवारी	—	9425836109
	डॉ0 श्रीमती अरूणा ठाकुर	—	9039382945
वाणिज्य समूह :—	डॉ0 विनोद कुमार प्रजापति	—	9406779350

(डॉ.टी.पी. सिंह)
परीक्षा नियंत्रक
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

(डॉ.ए0आर0 सिंह)
प्राचार्य
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

पृ0क्र................................/स्था0/2020 सीधी, दिनांक --------------

प्रतिलिपि :—

1. डॉ0 ए0के0 तिवारी, डॉ0 अरूणा ठाकुर, डॉ0 आर0पी0 सिंह, डॉ0 के0बी0 सिंह, डॉ0 विनोद कुमार प्रजापति संजय गांधी स्मृति शासकीय (स्वशासी) महाविद्यालय सीधी (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. डॉ0 टी0पी0 सिंह परीक्षा नियंत्रक।
3. स्थापना शाखा/कार्यालयीन प्रति।

(डॉ.टी.पी. सिंह)
परीक्षा नियंत्रक
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)

(डॉ.ए0आर0 सिंह)
प्राचार्य
सं.गॉ.स्मृ.शा.महा.सीधी (म0प्र0)